काजरी चांदन में कृषक प्रशिक्षण एवं सतर्कता सप्ताह का आयोजन

काजरी प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र जैसलमेर के प्रायोगिक क्षेत्र चांधन में दिनाक 02.11.2023 को अनुसूचित जाति उपयोजना अंतर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डा आर. एस. मेहता अध्यक्ष काजरी जैसलमेर ने संस्थान में संचालित अनुसूचित जाति उपयोजना से अवगत करवाते हुये सरसों के वैज्ञानिक उत्पादन के विभिन्न पहलुओं के बारें में बताया। डा मेहता ने संस्थान में सतर्कता के विभिन्न बिन्दुओं के बारें में प्रकाश डाला। डा महाराज सिंह प्रधान वैज्ञानिक एवं सतर्कता अधिकारी काजरी जोधपुर ने जनहित प्रकटीकरण एवं मुखबिर सरंक्षण संकल्प के साथ ही सतर्कता सप्ताह आयोजन के बारें में बताया। श्री कर्ण सिंह प्रशानिक अधिकारी काजरी जोधपुर ने कार्यालय के प्रसाशनिक कार्यों में सतर्कता दृ ष्टिकोण पर चर्चा की। डा एस. सी. मीणा वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कार्यक्रम संचालन के साथ सरसों के विभिन्न कीट एवं उनके प्रबंधन से अवगत करवाया। डा अनिल ने केंद्रीय सतर्कता आयोग के बारें में बताया। कार्यक्रम में चांधन ग्राम के 30 किसानो ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में डा दिलीप ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री पियूष गुर्जर एवं श्री विक्रम प्रजापति का कार्यक्रम आयोजन में सहयोग रहा।